MID-TERM EXAMINATION

SUBJECT — HINDI (MIL)

CLASS — VII

FULL MARKS — 80   PASS MARKS — 24

TIME — 3 HOURS

General Instruction:

(i) The candidates are advised to attempt all questions accordingly.

(ii) Marks allocated to every question is indicated against each.

(iii) Do not copy the questions. Write the answers only and number them correctly.

SECTION - 'A' / खण्ड - 'क' (Objective-type Questions)

---

1. नीचे दिए गए सही कथन के सामने 'सही' (✓) और गलत कथन के सामने 'गलत' (x) का चिन्ह लगाएँ: **1x5 = 5**

(क) शास्त्री जी का जन्म 2 अक्टूबर 1904 ई० को हुआ था।

(ख) भगत सिंह ने अपने माता जी को पत्र लिखा था।

(ग) दौंडयायन का आश्रम गंगा तट पर था।

(घ) 'देश-प्रेम' निबंध के लेखक जयशंकर प्रसाद हैं।

(ङ) देश-प्रेम के माध्यम से जातियों के बीच केवल स्वतंत्र सत्ता है।

2. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए: **1x5 = 5**

(आलोक, इंद्रधनुष, अनंत, कंपन, जागरण)

(क) तुम सहस्त्रों सूर्य का _________ ले फहरा रहे हो।

(ख) तुम सहस्त्रों _________ से व्योम में लहरा रहे हो।

(ग) तुम सहस्त्रों स्वप्न-आशाएँ _________ उगा रहे हो।

(घ) प्रति अखंड-तरंग __________ से नया युग ला रहे हो।

(ङ) __________ के चिह्न, जागृति के तुमुल उल्लास।

3. खण्ड - 'अ' के शब्दों का खण्ड - 'ब' के शब्दों के साथ मिलान कर सही जोड़े बनाएँ:

1x5 = 5

खण्ड - 'अ'	**खण्ड - 'ब'**
(i) फरार	सिद्धांत
(ii) वतन	समय
(iii) फिक्र	अपना देश
(iv) वक्त	भाग जाना
(v) उसूल	चिंता

4. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए:

1x5 = 5

(क) कारक के कितने भेद हैं?

(i) सात (ii) आठ (iii) दस (iv) बारह

(ख) 'गाय घास खाती है।' वाक्य में 'गाय' कौन-सा कारक है?

(i) कर्त्ता (ii) कर्म (iii) करण (iv) संप्रदान

(ग) निम्नलिखित में कौन-सा शब्द विशेषण है?

(i) लड़ना (ii) लड़ाई (iii) लड़ाकू (iv) युद्ध

(घ) अकर्मक क्रिया का उदाहरण इनमें से कौन-सा है?

(i) मैं पुस्तक पढ़ता हूँ। (ii) मैं खाना खाता हूँ। (iii) मैं आता हूँ। (iv) मैं कपड़े धोता हूँ।

(ङ) वाक्य समाप्त होने पर कौन-सा चिन्ह लगाया जाता है?

(i) अर्ध-विराम (ii) अल्प-विराम (iii) पूर्ण विराम (iv) योजक चिन्ह

SECTION - 'B' / खण्ड - 'ख' (अतिलघूत्तरीय प्रश्नोत्तर / Very Short answer-type Questions)

---

5. निम्नलिखित किन्हीं तीन (Any three) प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **2x3 = 6**

(i) भगत सिंह की जिंदगी का क्या मकसद था?

(ii) स्कूल से आते समय शास्त्री जी को नदी में क्यों तैरना पड़ा?

(iii) दौंडयायन ने अलका को गांधार छोड़ने की अनुमति क्यों दी?

(iv) "मुझसे न किसी को डर है और न मुझको डरने का कारण है।" यह वाक्य किसने किससे कहा है?

6. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट कीजिए: **1x5 = 5**

(i) अंधे की लकड़ी (ii) मुँह की खाना (iii) कमर कसना (iv) तलवे चाटना (v) छक्के छुड़ाना

7. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

> आपका जीवन एक संग्राम-स्थल है, जिसमें आपको विजयी बनना है। महान जीवन के रथ के पहिए फूलों से भरे नंदन वन से नहीं गुजरते बल्कि कांटों से भरे बीहड़ पथ पर चलते हैं। आपको ऐसे ही महान जीवन पथ का सारथी बनकर अपनी यात्रा को पूरा करना है। जब तक आपके पास आत्म-विश्वास का अजय शस्त्र नहीं है, न तो आप जीवन के ललकार का सामना कर सकते हैं, और न महान जीवन के सपनों पर चढ़ सकते हैं। जीवन पथ पर आप आगे बढ़ रहे हैं, दुख और निराशा की काली घटाएँ आपकी प्रगति को निगलने के लिए बढ़ा चला आ रहा है। लेकिन आपके हृदय में आत्म-विश्वास की दृढ़ ज्योति जगमगा रही है। तो इस दुख एवं निराशा का कुहरा उसी प्रकार कट जाएगा, जिस प्रकार सूर्य की किरणों के फूटते ही अंधकार भाग जाता है।

(क) महान जीवन का रथ कहाँ से गुजरता है? **(2)**

(ख) हम जीवन के कष्टों का सामना कैसे कर सकते हैं? **(2)**

(ग) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। **(1)**

SECTION - 'C' / खण्ड - 'ग' (लघूत्तरीय प्रश्नोत्तर / Short answer-type Questions)

---

8. निम्नलिखित किन्हीं तीन (Any three) प्रश्नों के उत्तर (लगभग 50 शब्दों में) लिखिए: **3x3 = 9**

(i) शास्त्री जी का बचपन किन परिस्थितियों से गुजरा था?

(ii) भगत सिंह अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर क्यों हुए? उन्हें फरार क्यों होना पड़ा?

(iii) लेखक ने दूसरी बार चोरी क्यों की?

(iv) अलका गांधार छोड़कर क्यों जाना चाहती थी?

9. निम्नलिखित किन्हीं दो (Any two) प्रश्नों के उत्तर (लगभग 50 शब्दों में) लिखिए:

3x2 = 6

(i) कवि किसे नमन कर रहा है और क्यों?

(ii) ड्राइवर चूड़ियों को क्यों नहीं हटाना चाहता था?

(iii) ड्राइवर ने चूड़ियाँ कहाँ और क्यों लटका रखी थी?

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **3x3 = 9**

(i) विशेषण किसे कहते हैं? विशेषण के कितने भेद हैं? प्रत्येक का नाम लिखें।

(ii) क्रिया किसे कहते हैं? क्रिया के भेदों को उदाहरण के साथ लिखें।

(iii) कारक के सभी भेदों के नाम लिखें।

SECTION - 'D' / खण्ड - 'घ'

---

11. 'गुलाबी चूड़ियाँ' अथवा 'शत नमन मेरा तुम्हें!' कविता की प्रथम दस पंक्तियाँ अपने स्मरण से शुद्ध-शुद्ध लिखें। **5x1 = 5**

12. 'शत नमन मेरा तुम्हें' अथवा 'गुलाबी चूड़ियाँ' शीर्षक कविता का भावार्थ अपने शब्दों में लिखें। **5x1 = 5**

13. 'देश प्रेम' अथवा 'आशीर्वचन' शीर्षक पाठ का सारांश (लगभग 100 शब्दों में) लिखिए। **5x1 = 5**

14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध (लगभग 100 शब्दों में) लिखिए:

5x1 = 5

(क) सच्चा मित्र (ख) मेघालय - पर्यटन का स्वर्ग (ग) अपना प्रिय खेल